# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268

Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


**प्रेस विज्ञप्ति**

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वनमहोत्सव का भव्य आयोजन

आज दिनांक 5 जुलाई 2025 का दिन ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए विशेष रहा। कक्षा नर्सरी से पाँचवीं तक के बच्चों ने बड़े ही उत्साह से वनमहोत्सव के कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने शानदार रंगारंग कार्यक्रम के द्वारा वातावरण को स्वच्छ एवं अनुकूल बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ०सिमी मेहता ने प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, एकेडमिक कॉर्डिनेटर रविशेखर, जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा एवं वरिष्ठ शिक्षकों के साथ मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मंच का संचालन करते हुए शिक्षिका सुलक्षणा गोस्वामी और प्रमिला सिंह ने बच्चों को वनमहोत्सव के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं तथा उन्हें वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें पहला कार्यक्रम 'फूलों ने जाके बूँदों से' सामूहिक नृत्य था, जिसकी प्रस्तुति कक्षा एक से तीन तक के बच्चों ने की । इसके बाद कक्षा नर्सरी से पाँचवीं तक के बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम जैसे सामूहिक नृत्य 'धरती का दिल क्या बोले', 'हवा आने दे', सामूहिक गीत 'वृक्ष लगाओ-वृक्ष लगाओ' आदि प्रसंशनीय थे।कक्षा पाँचवीं की अभिप्सा सिन्हा ने प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका सुलक्षणा गोस्वामी ने बच्चों को वृक्षारोपण के लिए शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ० सिमी मेहता, प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर एवं जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा ने अपना संदेश देते हुए कहा, कि हम सभी को प्रकृति से अपना सानिध्य बनाए रखना चाहिए। प्रकृति हमें अद्भुत तरीके से अनुशासन में रहना सिखाती है। प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है। हम सभी का यह कर्तव्य है, कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए निरंतर प्रयास करें। विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य भी बहुत जरूरी है। इसलिए हमें अपने आस-पास हरियाली बनाए रखना चाहिए। हमें प्रतिवर्ष हर्षोल्लास से वनमहोत्सव मनाना चाहिए जिससे हरित भविष्य की ओर हमारा कदम आगे बढ़ सके ।

कार्यक्रम का समापन शिक्षिका एन्जलीन सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रीय गान गाकर किया गया। मौके पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268

Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: **www.oxfordpublicschool.net.in** ; E-mail: **oxfordpsranchi@rediffmail.com**

Ph: 748596731


**Press Release**

## VANMAHOTSAV CELEBRATION AT OXFORD PUBLIC SCHOOL

Oxford Public School celebrated Vanmahotsav, the annual tree planting festival on 5th July, 2025. The entire campus resonated with the hues of green as the students enthusiastically participated in the cultural programme organised to create awareness about the environment. The ceremony began with the lighting of the lamp by the Academic Director Dr. Simi Mehta, Principal, Ranjeet Kumar Thakur, Academic Coordinator, Ravi Shekhar and Junior Wing Incharge, Raj Kishore Sharma. The students of Classes Nursery to V showcased their talents in a variety of programmes centred around environmental themes to raise awareness and celebrate nature. The day began with a group dance by the tiny tots of Nursery and Prep which highlighted the importance of trees. The students of Classes I, II & III also came up with a mesmerising dance performance *'Dharti Ka Dil Kya Bole'* signifying the value of nature. Abipsha of Class V-I delivered a powerful speech emphasising the importance of trees in our lives. Ayush Kumar Mahanta of V-A spellbound the audience with his powerful poetry rendition. A beautiful song presentation spellbound the audience. The students of Classes IV & V captivated the audience with a fabulous dance performance on conserving the environment. The students also took the pledge to plant trees and safeguard the environment for a better future.

Dr. Simi Mehta, Academic Director, Oxford Public School, encouraged and inspired the children with her motivating words. She asserted that Vanmahotsav is not just about planting trees but also about fostering a sense of responsibility towards our environment. She also congratulated the CCA team for the wonderful conduction of the programme.

Ranjeet Kumar Thakur, Principal said that such educational programmes create a positive impact on our environment and remind us of our responsibilities

Ravi Shekhar, Academic Coordinator, was also present on this momentous occasion and he reiterated that the aim of such programmes is to educate and inspire the students to conserve nature.

Raj Kishore Sharma, Incharge Junior Wing praised the students for putting up such a wonderful show. He urged the students to care for the environment so that the world can become a better place to live in.

Parmila Singh & Sulakshana Goswami flawlessly anchored the programme and Angeline Singh delivered the Vote of Thanks. The day came to an end with the soulful rendition of National Anthem. The programme was a huge success owing to the collective effort of the staff and the students of Oxford Public School.